# महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, कासगंज उ0प्र0

## (राजकीय पॉलिटेक्निक आई0 टी0– कासगंज उ0प्र0)

सोरों–सहावर रोड, याकूतगंज, कासगंज– 207245

Gmail- mmitkasganj@gmail.com

पत्रांकः

दिनांकः 01/07/2026

## –:सार्वजनिक सूचनाः–

शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए संस्था में संचालित पाठ्यक्रमों में शिक्षण प्रशिक्षण कार्य कराये जाने हेतु अतिथि प्रवक्ताओं की आवश्यकता है, जिसका विवरण निम्नवत् है–

| क0सं0 | विषय/पाठ्यक्रम का नाम | अतिथि व्याख्याताओं की आवश्यकता | न्यूनतक शैक्षिक अर्हता AICTE मानाक के अनुसार | निर्धारित मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | यांत्रिक अभियन्त्रण | 03 | बी0 टेक0 प्रथम श्रेणी यांत्रिक अभियन्त्रण | दर रु0 400/– प्रति थ्योरी लैक्चर, दर रु0 200/– प्रति प्रायोगात्मक पीरियड, बी0टेक0 डिग्री धारक को अधिकतम रु0 15000/– प्रतिमाह, एम0टेक0/पी0एच0डी0 डिग्री धारक को दर रु0 450/– प्रति थ्योरी लैक्चर, दर रु0 225/– प्रति प्रायोगात्मक पीरियड, अधिकतम रु0 20000/– प्रतिमाह |
| 2. | विधुत अभियन्त्रण | 02 | बी0 टेक0 प्रथम श्रेणी विधुत अभियन्त्रण | |
| 3. | गणित | 01 | एम0एस0सी0 गणित प्रथम श्रेणी | दर रु0 400/– प्रति थ्योरी लैक्चर, दर रु0 200/– प्रति प्रायोगात्मक पीरियड, अधिकतम रु0 15000/– प्रतिमाह, पी0एच0डी0 डिग्री धारक को अधिकतम रु0 20000/– प्रतिमाह |
| 4. | अंग्रेजी | 01 | एम0ए0 अंग्रेजी प्रथम श्रेणी | |
| 5. | रसायन | 01 | एम0एस0सी0 रसायन प्रथम श्रेणी | |

उपरोक्तानुसार चयनित अतिथि प्रवक्ता का चयन पूर्णतः अस्थाई, दैनिक वादन मानदेय के आधार पर एवं एक सत्र 2026–27 हेतु किया जायेगा। इच्छूक आवेदक अपना आवेदन पत्र सादा कागज पर लिखकर समस्त शैक्षिक अर्हताये (पत्राचार/दूरस्थ शिक्षा पाठ्यकम मान्य नहीं) एवं अनुभव (यदि कोई हो) की छाया प्रति ई–मेल के माध्यम से अन्तिम तिथि दिनांक 08/07/2026 सांय 5:00 बजे तक संस्था की ई– मेल (mmitkasganj@gmail.com) पर भेजना सुनिश्चित करें। अतिथि प्रवक्ताओं के साक्षात्कार दिनांक 09/07/2026 को प्रातः 11 बजे से एम0एम0आई0टी0, कासगंज में प्रारम्भ किया जायेगा। साक्षात्कार के दिन आवेदक अपने समस्त शैक्षिक अर्हतांये एवं अनुभव प्रमाण पत्र मूलरूप में लाना अनिवार्य है। साक्षात्कार हेतु अलग से कोई बुलावा पत्र संस्था से निर्गत नहीं किया जायेगा। आवेदन जमा करने वाले समस्त पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा जिसके उपरान्त योग्य उम्मीदवार को अतिथि व्याख्याता के रुप में मात्र एक सत्र 2026–27 हेतु रखा जायेगा। यदि नियमित शिक्षक विभाग द्वारा नियुक्त कर, दिये जाते है, तो नियमित शिक्षक की नियुक्ति की तिथि से अतिथि प्रवक्ताओं को पठन–पाठन कार्य से मुक्त कर दिया जायेगा। किसी भी अतिथि प्रवक्ता को छात्र फीडबैक/अनुशासन के आधार पर कभी भी बिना पूर्व सूचना प्राप्त कराये संस्था से हटाया जा सकता है। अधिक जानकारी हेतु संस्था में सम्पर्क करें।

(उमेश चन्द्र)
प्रधानाचार्य

## कार्यालयः प्रधानाचार्य, एम0एम0आई0टी0, कासगंज।

पृ0सं0: 807–10 /शैक्षणिक/अतिथि प्रवक्ता/2026–27 दिनांकः 01/07/2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषितः–

1. वेबसाइड अधिकारी एम0एम0आई0टी0, कासगंज।
2. प्रबंधक, अमर उजाला, कासगंज।
3. नोटिस बोर्ड, स्थानीय रोजगार कार्यालय, कासगंज।
4. नोटिस बोर्ड, एम0एम0आई0टी0, कासगंज।

(उमेश चन्द्र)
प्रधानाचार्य
एम0एम0आई0टी0
कासगंज